depend upon domestic production, demand for these items in the region and the price of our products *vis-a-vis* the prevailing international prices.

दार्जिलिंग को राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग

213. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गोरखा नेशनल लिबरेशन फ्रंट के नेता श्री सुभाष घीसिंग दार्जिलिंग को पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग कर रहे हैं ; और

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम) : (क) जी, श्रीमन्, प्रैस रिपोर्टों के अनुसार।

(ख) केन्द्र सरकार ने गोरखालैंड को एक अलग राज्य के रूप में स्थापित करने के प्रस्ताव को दृढ़ता से अस्वीकार कर दिया है।

हथकरघे से तैयार वस्त्रों पर बिक्री कर से छूट

214. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उन्हें इलाहाबाद के श्री राजेन्द्र कुमार गौतम की ओर से उनका दिनांक 18 जनवरी, 1988 का कोई मांग पत्र प्राप्त हुआ है जिसमें मांग की गई है कि हथकरघे से तैयार वस्त्रों को उसी प्रकार बिक्री कर से छूट प्रदान की जाए जिस प्रकार से खादी वस्त्रों को बिक्री कर से छूट प्राप्त है और हाथ से बने कम्बलों को चुंगी से छूट प्रदान की जाए; और

(ख) यदि हां, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई है ?

वस्त्र मंत्री (श्री राम निवास मिर्धा) : (क) जी हां।

(ख) चूंकि बिक्री कर मूलतः राज्य का विषय है इसलिए सभी राज्य सरकारों से अनुरोध किया गया है कि वे मांग पर उचित कार्यवाही करें।

Closure of non-viable textile mills

215. SHRI N. E. BALARAM:
SHRI GURUDAS DAS GUPTA:

Will the Minister of TEXTILES be pleased to state:

(a) whether Government have drawn up a scheme to facilitate closure of non-viable textile mills, taking care of the interest of the workers to be rendered jobless;

(b) if so, what are the details of the scheme;

(c) whether any such mills has been closed so far under this scheme; and

(d) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF TEXTILES (SHRI RAM NIWAS MIRDHA): (a) and (b) A Textile workers' Rehabilitation Fund has been set up to provide interim relief to workers rendered unemployed as a consequence of textile mills closing down permanently on or after 6th June, 1985. Relief under this scheme is available to eligible workers for 3 years on a tapering basis.

(c) As on 31.3.88 no textile mill had closed down permanently.

(d) Does not arise in view of (c) above.